## खबर संक्षेप

### 40 ग्राम अफीम के साथ दो युवक किए गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई राजेंद्र ने बताया कि उनकी टीम शाम को गश्त कर रही थी। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि कलानौर बॉर्डर से दो युवक नशीला पदार्थ लेकर यमुनानगर की तरफ आएंगे। पुलिस ने जब युवकों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 40 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब 55 हजार रुपए है। आरोपियों की पहचान रहमिया कॉलोनी छछरौली निवासी इस्लाम व रियासत के रूप में हुई।

### मंदिर का दानपत्र तोड़कर हजारों की राशि चोरी

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव रानीपुर कलां में चोरों ने शिव मंदिर का दान पात्र तोड़कर 60 हजार रुपये की राशि चोरी कर ली। रानीपुर कलां निवासी रजनीश ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में शिव मंदिर बना हुआ है। 13 जुलाई को शाम के समय श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद घर चले गए थे। सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में आए तो दान पात्र का लगा ताला टूटा हुआ था।

कर्मचारियों पर लगाया अभद्रता का आरोप

# बिजली कटों से परेशान ग्रामीणों ने किया रोड जाम, नारेबाजी की

**रादौर एसडीओ के आश्वासन के बाद खोला जाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर




**यमुनानगर।** रादौर में बिजली निगम कार्यालय के बाहर जाम लगाकर नारेबाजी करते ग्रामीण और जाम लगा रहे ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीओ बिजली निगम।

बिजली निगम की ओर से ट्यूबवेलों पर लगाए जा रहे कटों से परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को बिजली निगम कार्यालय के बाहर जाम लगा दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली निगम के कर्मचारियों व प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। जाम के चलते वाहनों की दोनों ओर लंबी लंबी लाइने लग गई। एसडीओ बिजली निगम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।

इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीओ को ज्ञापन भी सौंपा। क्षेत्र के ग्रामीणों समय सिंह, सुमेर सिंह, सतीश कुमार, दीपक कुमार, सत्यम राणा, सोनू, शिवम, जोगिंद्र, प्रिंस, रामदीया, अशोक, राजकुमार, अनिल, मुकेश व राकेश आदि ने बताया कि बिजली निगम के अधिकारी उनके फोन तक नहीं उठाते। जब वे बिजली की समस्या को लेकर जेई को फोन करते हैं तो जेई उनसे गाली गलौज करता है। नाचरौन, करतारपुर फीडर से सैंकड़ों किसान जुड़े हुए हैं। बिजली के अघोषित कटों के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धान के सीजन में पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। परंतु बिजली निगम की ओर से बार-बार कट लगाए जाने से किसानों की फसल तक सूखने लगी है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द ट्युबवेलों की लाइट को दुरूस्त किया जाये। वहीं ऐसे कर्मचारियों को हटाया जाये, जो ग्रामीणों की बात नहीं सुनते। मौके पर पहुंचे एसडीओ ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

**अभद्र व्यवहार करने वालों पर होगा एक्शन**

ग्रामीणों को एसडीओ ने आश्वासन दिया कि आज ही उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कर्मचारियों को आदेश जारी किए गए हैं। उनको किसी भी प्रकार की समस्या आने नहीं दी जाएगी। सभी लोग उनके लिए सम्मानीय है। ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले कर्मचारियों को भी बक्शा नहीं जायेगा। एसडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।



**यमुनानगर।** के गांव मलिकपुर बांगर के बाढ़ प्रभावित इलाके में निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

# बाढ़ प्रभावित इलाकों की रखें निगरानी: डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसून का मौसम शुरू होते ही जिला प्रशासन बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार जिले के बाढ़ संभावित इलाकों में दौरा करके वहां चल रहे बाढ़ रोकथाम के इंतजामों का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में व्यासपुर उपमंडल अधिकारी(ना) डॉ. कुलदीप सिंह ने गांव मलिकपुर बांगर के बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया तथा पानी की निकासी के लिए लगाए गए पंप सेटों की कार्यप्रणाली का भी अवलोकन किया। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि जल निकासी की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तत्काल चार अतिरिक्त पंप सेट लगाए जाएं। ताकि वर्षा के कारण जमा पानी को शीघ्र निकाला जा सके और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**एसडीएम ने सतर्कता बरतने की अपील की**

*एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने क्षेत्रवासियों से अनावश्यक रूप से नदी, नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के निकट न जाने तथा किसी भी आपात स्थिति, जलभराव या अन्य समस्या की सूचना तुरंत प्रशासन को दिए जाने के लिए अनुरोध किया। ताकि समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सकें। प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*

# बाइक जागृति रैली निकालकर ट्रेड डील पर जताया विरोध

- प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** में मोटरसाइकिल जागृति रैली निकालते हुए व प्रधानमंत्री के नाम भेजे जाने वाले ज्ञापन को दिखाते हुए भाकियू से जुड़े किसान। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन(चढूनी) के सदस्यों ने बुधवार को नगर में मोटरसाइकिल जागृति रैली निकालकर अमेरिका व भारत ट्रेड डील का विरोध किया। इस दौरान रैली में भाकियू के सदस्यों ने केंद्र सरकार व अमेरिका के खिलाफ ट्रेड डील के विरोध में नारेबाजी की। रैली का नेतृत्व भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने किया।

इस दौरान जिला सचिवालय पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने ड्रेड डील नहीं करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। बुधवार सुबह जिले भर से भाकियू(चढूनी) से जुड़े किसान अपनी अपनी मोटरसाइकिलों व कारों के काफिलों के साथ गांव कैल स्थित प्लांट के नजदीक एकत्रित हो गए। इस दौरान नगर में रैली निकालते हुए किसान बाद में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और वहां पर प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

रैली के दौरान किसानों ने ट्रेड डील के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने कहा कि पिछले लंबे समय से किसान ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। क्योंकि भारत सरकार ट्रेड डील के तहत जो समझौते बिना टैक्स के करने जा रही है उसके तहत अमेरिका का अनाज दूध और अन्य प्रकार के प्रोडक्ट भारत में आएंगे। जिससे भारत के किसान को डर है कि यदि कम मूल्य पर बाहर से सामान आएगा तो हमारे अनाज की बेकद्री होगी।

### शहीद उधम सिंह कांबोज का प्रदेश स्तरीय शहीदी समारोह 31 को होगा

**रादौर।** हरियाणा कांबोज सभा की जिला इकाई की ओर से शहीद उधम सिंह कांबोज के 86 वें प्रदेश स्तरीय शहीदी समारोह को लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटियां बनाकर ग्रामीणों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। हरियाणा कांबोज सभा जिला के मीडिया प्रभारी अमित कांबोज ने बताया कि हरियाणा कांबोज सभा द्वारा शहीद उधम सिंह का प्रदेश स्तरीय शहीदी समारोह 31 जुलाई को रादौर की अनाज मंडी में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से हजारों लोग शामिल होंगे। वहीं रादौर में कार्यक्रम होने पर जिला यमुनानगर की कांबोज सभा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। संगठन की दृष्टि से पूरे जिले को सात ब्लॉक में बांट कर सभी ब्लॉक के प्रमुख तय कर दिए गए हैं। हर ब्लॉक में दस से पंद्रह गांव आते हैं। यह ब्लॉक प्रमुख पूरे जिले के हर गांव में घर-घर जाकर कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देंगे।



# युवाओं को दौड़ में भाग लेने के लिए प्रेरित करें

- जिले के छछरौली में बीडीपीओ कार्यालय में उपमंडल के सरपंचों की बैठक का आयोजन
- एसडीएम छछरौली जसपाल सिंह गिल ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** के छछरौली में आयोजित बैठक में सरपंचो को मैराथन में भाग लेने के लिए आह्वान करते एसडीएम जसपाल सिंह गिल। फोटो : हरिभूमि

जिले में आयोजित होने वाली नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो मैराथन को लेकर छछरौली के बीडीपीओ कार्यालय में उपमंडल के सरपंचों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम छछरौली जसपाल सिंह गिल ने की। उन्होंने सरपंचो को 26 जुलाई को आयोजित होने वाली नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो मैराथन को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने सरपंचों को आहवान किया कि वह स्वयं मैराथन में बढ़ चढ़कर भाग लें तथा अपने अपने गांवों के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं अन्य नागरिकों को भी इस जनजागरूकता अभियान से जोड़ें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों का क्यूआर कोड एवं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया जाए। ताकि नशामुक्त हरियाणा के संकल्प को मजबूत किया जा सके। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि 26 जुलाई को यमुनानगर में नशे के विरुद्ध जिला स्तरीय दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। यह आयोजन हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने सरपंचो, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा आमजन से इस जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध इस मुहिम में बच्चे, युवा, महिलाएं, पुरुष एवं बुजुर्ग सभी भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की इस मुहिम को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मैराथन में महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः एक लाख रुपये, 75 हजार रुपये तथा 51 हजार रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त चौथे से दसवें स्थान तक रहने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 5100 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर बीडीपीओ छछरौली कार्तिक चौहान, एसडीओ पब्लिक हेल्थ गुरदीप सिंह, एसडीओ पीडब्लयूडी विभाग गिरीश कुमार, तहसीलदार प्रताप नगर देवेंद्र सिंह,एसईपीओ विकास कुमार,ग्राम सचिव हेमंत कौशिक,प्रदीप कुमार,उपमंडल छछरौली के विभिन्न गांवों के सरपंच आदि मौजूद रहे।

# यमुनानगर बस स्टैंड से महिला का बैग चोरी

- बैग में थे लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण

**यमुनानगर।** बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही महिला का बैग चोरी हो गया। बैग में लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण थे। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के देहरादून की शिवपुरी कॉलोनी निवासी ज्योति ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जुलाई को दोपहर दो बजे वह यमुनानगर बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी। इस दौरान उसने अपना बैग साइड में रखा हुआ था। कुछ देर बाद वहां से उसका बैग गायब मिला। उसने बैग की काफी तलाश की मगर बैक का कुछ भी पता नहीं चला। ज्योति ने बताया कि उसके बैग में सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी पायल, एक चांदी का गले का सेट व अन्य सामान था। जिसकी कीमत करीब एक लाख 40 हजार रुपए है।

उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, सरोजनी कॉलोनी निवासी संजीव कुमार गंभीर ने बताया कि वह 14 जुलाई को शहर के चिट्टा मंदिर गया था। जहां पर चोरों ने उसका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में उसके जरूरी दस्तावेज व पैसे थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पीएम का दौरा प्रदेश के विकास को देगा नई रफ्तार

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए भाजपा के कार्यकर्ता।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 जुलाई को जींद आगमन प्रदेश के विकास के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। प्रधानमंत्री जींद की धरती से प्रदेश को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे और देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर भारत को हरित एवं आधुनिक परिवहन के नए युग में प्रवेश कराएंगे।

उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को शहर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में कहे। मौके पर कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री का स्वागत किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। डबल इंजन सरकार की नीतियों का परिणाम है कि आज हरियाणा देश के सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि जींद से गोहाना होते हुए सोनीपत तक चलने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा के लिए गौरव का विषय है। यह केवल एक रेल परियोजना नहींए बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन टेक्नोलॉजी की दिशा में भारत के बढ़ते कदमों का प्रतीक है। हाइड्रोजन ट्रेन के माध्यम से हरियाणा देश के हाइड्रोजन हब के रूप में अपनी पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा हरियाणा प्रदेश में रिकॉर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश की निरंतरता को दर्शाता है। रेल, सड़क, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एक साथ बड़े प्रोजेक्ट शुरू होने से हरियाणा के विकास को नई गति मिलेगी।

**जींद रैली देगी विकास का संदेश**

बल्कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कर जनता को उसका लाभ पहुंचाने में विश्वास रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा आधुनिक आधारभूत ढांचे, पारदर्शी प्रशासन और सुशासन का मॉडल बन रहा है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को जींद में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा विकास, विश्वास और जनभागीदारी का बड़ा संदेश देगी। यह दिन हरियाणा के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगाए जब प्रदेश को नई ऊर्जा, नई गति और नए अवसरों की सौगात मिलेगी।

# जरनैल सिंह के आकस्मिक निधन पर जताया शोक




**रादौर।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक रादौर की ओर से बुधवार को शहीद उधम सिंह धर्मशाला में शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान छोटेलाल ने की। सभा में रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य प्रधान एवं किसान सभा के जिला प्रधान मास्टर जरनेल सिंह सांगवान के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। प्रधान छोटेलाल कहा कि मास्टर जरनेल सिंह सांगवान ने अपने सेवाकाल में कर्मचारी संगठनों के आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई तथा एक जुझारू नेता एवं सफल संगठन संचालक के रूप में पहचान बनाई। उनके मार्गदर्शन से कर्मचारी, किसान व सामाजिक संगठनों को निरंतर प्रेरणा मिलती रही। उनके निधन से समाज और संगठनों को अपूरणीय क्षति हुई है। संघ के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा सभा में पेंशनर्स पृथ्वी सिंह, जोगिंदर सिंह की पत्नी व संतोष कुमार की पत्नी के आकस्मिक निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

**बैठक** नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने की बैठक

# ट्विन सिटी में जलभराव की समस्या का किया जाएगा स्थायी समाधान : बहमनी

**मेयर ने फरवरी में पारित किए गए प्रस्तावों की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर ।** के निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियो की बैठक में अध्यक्षता करते हुए मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के अधिकारियों व कर्मचारियों की निगम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुमन बहमनी ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में निगमायुक्त महाबीर प्रसाद मौजूद रहे।

मेयर सुमन बहमनी ने बैठक के शुरु होते ही सबसे पहले गत 24 फरवरी को हुई सदन की साधारण बैठक में पारित किए गए प्रस्तावों पर अब तक हुई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी गई। जिसके बारे में निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने मेयर सुमन बहमनी को प्रस्तावों पर अब तक हुई कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके बाद बैठक में मानसून में पानी निकासी एवं ड्रेनेज व्यवस्था, शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, लंबे समय तक जलभराव से निपटने के लिए संरचना तैयार करने, शहर के चौकों का सौंदर्यीकरण करने, शादी समारोह, रस्म क्रिया व अन्य कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग करने, वार्डों में मरम्मत कार्य करवाने के लिए टेंडर लगाने स्टॉर्म वाटर लाइन के मैनहोल पर ढक्कन रखने समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। जिसके लिए टीम हायर की गई है।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान बैठक में कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह, एडीए भव्य गोयल, कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, कार्यकारी अभियंता मनदेव सिंह, कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार, सहायक अभियंता मृणाल जायसवाल, सुरेंद्र दहिया, राजेश शर्मा, मुनेश्वर भारद्वाज, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, जितेंद्र मल्होत्रा, रघुवीर सिंह व मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह और विनोद बेनीवाल आदि मौजूद रहे।

# एम.टेक के छात्र कार्तिक को प्रो. आर वासुदेवन पुरस्कार से किया सम्मानित

**सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी में सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कार्तिक को दी बधाई

सेंटर फार नैनो साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इलाके के होनहार छात्र कार्तिक को एम.टैक सेमीकंडक्टर टेक्नोलाजी में सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करने के लिए प्रतिष्ठित प्रो. आर वासुदेवन पदक से सम्मानित किया गया है।

उन्होंने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाग ले रहे इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन द्वारा प्रदान किया गया है। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया समेत अन्य गणमान्य ने होनहार छात्र कार्तिक को उनकी इस उपलब्धी पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्तिक ने बंतो कटारिया के कार्यालय में पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि कार्तिक को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने प्रतिष्ठित प्रो. आर वासुदेवन पदक पुरस्कार प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि यह हाई.टेक इंजीनियरिंग में युवा प्रतिभाओं के महत्व को दर्शाता है। यह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी सम्मान प्रतिवर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एकमात्र छात्र को दिया जाता है। यह पदक प्रख्यात भारतीय भौतिक विज्ञानी प्रो. रामासामी वासुदेवन की स्मृति में स्थापित किया गया था। जिन्हें विज्ञान में उनके वैश्विक योगदान के लिए जाना जाता है। यह पदक इलेक्ट्रॉनिक्स के जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों पर गहरी महारत का प्रतीक है। कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा युवा पीढ़ी के लिए चलाई गई मेक इन इंडिया, डिजीटल इंडिया और सेमीकंडक्टर मिशन जैसी योजनाओं से आज देश के युवा विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहे हैं।

## उपायुक्त ने किया एलिवेटेड ट्रैक व उमरी में सिख संग्रहालय परियोजना का किया निरीक्षण

# पीएम मोदी कल 447 करोड़ से बना रेलवे एलिवेटेड ट्रैक नागरिकों को करेंगे समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से 17 जुलाई को जींद से 447 करोड़ रुपए की लागत से बने रेलवे एलिवेटेड ट्रैक को कुरुक्षेत्र के नागरिकों को समर्पित करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव उमरी में सिख संग्रहालय परियोजना का शिलान्यास भी करेंगे। अहम पहलू यह है कि एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शुरू होने के बाद शहर के बीच पड़ने वाले 5 रेलवे फाटक झांसा रोड, कच्चा घेर, शास्त्री मार्केट, सिविल अस्पताल के सामने वाला फाटक और थर्ड गेट फाटक पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। उपायुक्त वबुधवार को थानेसर रेलवे स्टेशन पर बने रेलवे एलिवेटेड ट्रैक व गांव उमरी में सिख संग्रहालय परियोजना का निरीक्षण करने उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त ने रेलवे एलिवेटेड ट्रैक और गांव उमरी में सिख संग्रहालय परियोजना पर की जा रही तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया।



कुरुक्षेत्र। थानेसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इन परियोजनाओं का 17 जुलाई को जींद से ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में स्थानीय आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और सांसद नवीन जिंदल व हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि रेलवे के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का ट्रायल पूरी तरह सफल रहा, पिहोवा रोड से नए मुख्य स्टेशन तक इंजन चलाकर ट्रैक की मजबूती और सुरक्षा को भी जांचा गया है। इस एलिवेटेड ट्रैक के शुरू होने से कुरुक्षेत्र वासियों को सालों पुरानी जाम की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी। उन्होंने 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों को तैयारियां करने के निर्देश दिए। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए सभी अधिकारी तैयारियां समय रहते पूरी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ऑनलाइन प्रणाली के साथ कुरुक्षेत्र में जुड़ेंगे।

## यह टैक शहरी विकास में मील का पत्थर होगा साबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि यह एलिवेटेड रेलवे ट्रैक कुरुक्षेत्र शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे शहर में जाम की समस्या कम होगी और यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। किसी भी बड़े कार्य की शुरूआत ईश्वर के आशीर्वाद से करने से कार्य निर्विघ्न पूर्ण होता है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा थानेसर रेलवे स्टेशन पर आयोजित हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में बोल रहे थे। सभी श्रद्धालुओं ने नए रेलवे ट्रैक के सुचारू संचालन एवं देश की प्रगति के लिए प्रार्थना की। नव



निर्मित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के शुभ उद्घाटन के अवसर पर नगरवासियों के सुख, शांति एवं सुरक्षित यात्रा की कामना के साथ हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में बनकर तैयार हुए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक और आधुनिक रेलवे स्टेशन का 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र को एलिवेटेड रेलवे ट्रैक व स्टेशन की सौगात मिल रही है। यह एलिवेटेड ट्रैक न सिर्फ ट्रैफिक समस्या हल करेगा बल्कि शहर की सूरत भी बदलेगा। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई जींद के साथ-साथ हरियाणा के लिए ऐतिहासिक दिन होगा।

### 17 के कार्यक्रम को लेकर समय रहते तैयारियां करें पूरी : अमन कुमार



एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से जींद से कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक और सिख संग्रहालय की दो बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसी समय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद भगवद गीता सदन में भी कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने लिए अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है। इससे पहले एसडीएम अमन कुमार ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जिला समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, जनसंपर्क विभाग, एनआईसी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को 17 जुलाई के कार्यक्रम को लेकर होने वाली तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



## 17 जुलाई का कार्यक्रम बनेगा ऐतिहासिक डीडी शर्मा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**पिहोवा।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पंडित जयभगवान शर्मा डीडी ने 17 जुलाई को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से पिहोवा एवं इस्माईलाबाद में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं की महत्वपूर्ण बैठकों को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकतार्ओं से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपीं। कुरुक्षेत्र रोड स्थित भाजपा कार्यालय, पिहोवा तथा इस्माईलाबाद के हाईवे किंग होटल में आयोजित बैठकों में मंडल, मोर्चा, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गईं। दोनों बैठकों में उपस्थित कार्यकतार्ओं ने 17 जुलाई के कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता दिलाने का संकल्प लिया। पंडित जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनीपत से जींद तक देश की पहली आधुनिक हाइड्रोजन ट्रेन का लोकार्पण करेंगे।

## पीएम के आगमन को लेकर स्वच्छता अभियान बना जनभागीदारी का प्रतीक



**शाहबाद।** हरियाणा सरकार के स्वच्छता ही स्वागत कार्यक्रम के तहत नगरपालिका के तत्वाधान में बुधवार को शाहाबाद के लाडवा रोड पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरूआत हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने की। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, पार्षदों, नगरपालिका अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने स्वयं हाथों में झाडू लेकर सफाई की तथा आमजन को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान जनआंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री का हरियाणा आगमन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक अवसर है और इसी के मद्देनजर पूरे प्रदेश में स्वच्छता ही स्वागत' अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर नगरपालिका सचिव बाम्बूल सिंह मालिक, नगरपालिका के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, पूर्व पार्षद बलदेव राज सेठी, मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन, पार्षद दीपक आनंद, पार्षद ईशु सचदेवा, अंकुर सिद्धू, हरसिमरन सिद्धू आदि मौजूद रहे।

### 17 जुलाई का दिन यादगार बनेगा : सैनी

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि हरियाणा वासियों के लिए 17 जुलाई का दिन यादगार दिन बनेगा। इस दिन देश के प्रधानमंत्री एक हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाएंगे और हरियाणा के विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे। सुमन सैनी लाडवा अनाज मंडी धर्मशाला में आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थी। इससे पहले विस्तार अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान विजय उर्फ स्वीटी भूल्लर ने सुमन सैनी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत भी किया।

### खबर संक्षेप

#### फील्ड में ईमानदारी से काम करें पटवारी: डीसी

**कुरुक्षेत्र।** स्थानीय नए लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को 78 नवनियुक्त पटवारियों के लिए अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त पटवारियों को बधाई दी और फील्ड में ईमानदारी व निष्ठा से काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नवनियुक्त पटवारियो को कहा कि आप सभी अपनी काबिलियत और पारदर्शिता के दम पर भर्ती होकर आए हैं।

#### नहर से बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा के गांव अरनैचा के पास नहर से बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव नहर के पानी में बहता जा रहा था। इसकी सूचना गांव के पूर्व सरपंच ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। शुरूआती जांच में मृतक की उम्र 60 से 65 साल आंकी जा रही है। शव पर केवल बनियान और अंडरवियर था। पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसलिए पुलिस ने शव को एलएनजेपी अस्पताल में रखवा दिया गया है।

## विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन तथा आपातकालीन सहायता व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता सत्र का संचालन हरियाणा पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य सूबे प्रताप ने अतिथि पुलिस अधिकारियों डीएसपी सुरेश कुमार, सड़क सुरक्षा प्रभारी एसआई शेर सिंह तथा हाईवे सेफ्टी प्रभारी सुखदेव सिंह का विद्यार्थियों से परिचय करवाकर किया। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डीएसपी सुरेश कुमार ने सड़क सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला और सभी



विद्यार्थियों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन न केवल स्वयं के जीवन की रक्षा करता है, बल्कि दूसरों के जीवन की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को मोटर वाहन चलाने की अनुमति नहीं है तथा वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है।

### बीएलओ मतदाताओं को फोक्स रखकर पहुंचेंगे घर-घरः उपायुक्त

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग की तरफ से एन्यूमरेशन फार्म जमा करवाने की तारीख को 24 जुलाई तक बढ़ा दिया है। इस दौरान शेष बचे 115502 मतदाताओं का एन्यूमरेशन फार्म डिजिटाइज करने के लिए घर-घर जाएंगे। इसके अलावा नागरिक भी बीएलओ से संपर्क करके अपना एन्यूमरेशन फार्म जमा करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बीएलओ, बीएलए और एसआईआर से कार्य से जुड़े तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल

## सारसा गांव में 5 साल से अधूरा पड़ा पीएचसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने गांव सारसा में पिछले पांच वर्षों से निमार्णाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का कार्य पूरा न होने पर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी अस्पताल तैयार नहीं होना ग्रामीणों के साथ अन्याय है और इससे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों को इलाज के लिए 20 से 25 किलोमीटर दूर अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। अस्पतालों में मरीजों को पहले पर्ची बनवाने, फिर ओपीडी और उसके बाद दवा लेने के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। इस व्यवस्था का सबसे अधिक असर वरिष्ठ नागरिकों और



गंभीर मरीजों पर पड़ रहा है। राजकुमार सारसा ने आरोप लगाया कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों सहित विभिन्न श्रेणियों के सैकड़ों पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार उन्हें भरने के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सारसा गांव में बन रहे पीएचसी का निर्माण कार्य कई ठेकेदार बीच में छोड़कर जा चुके हैं, जिससे बार-बार नए ठेके देने पड़ रहे हैं और परियोजना की लागत लगातार बढ़ रही है।

### बाजारों में अतिक्रमण से बढ़ रही जाम की समस्या, लोगों ने की कार्रवाई की मांग



**शाहाबाद।** नगर की पुरानी सब्जी मंडी स्थित मस्तगढ़ साहिब गुरुद्वारा के निकट अतिक्रमण के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सब्जी विक्रेताओं ने अपनी दुकानों के आगे करीब 6 से 8 फुट तक सड़क पर सब्जियां सजाकर रखी हुई हैं, जिससे मार्ग काफी संकरा हो गया है। इसके चलते दोपहिया वाहन चालकों, रिक्शा चालकों और पैदल राहगीरों को निकलने में कठिनाई होती है। इसी प्रकार नगर के मुख्य बाजार में जगदीश महाराज दुर्गा मंदिर चौक के आसपास भी दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान रखने से रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। वहीं खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहक अपने दोपहिया वाहन दुकानों के सामने खड़े कर देते हैं, जिससे बाजार में बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन की ओर से बाजारों में नियमित निगरानी नहीं की जाती। उनका आरोप है कि यदि समय-समय पर अतिक्रमण हटाने और अव्यवस्थित पार्किंग पर कार्रवाई की जाए तो जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

## ट्रेड डील के विरोध में किसानों ने निकाली बाइक रैली, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते के विरोध में बुधवार को देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले किसानों, मजदूरों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मोटरसाइकिल रैली निकाली। यह रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई लघु सचिवालय पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौता देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों के हितों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। उनका कहना था कि यदि यह समझौता लागू किया गया तो भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन में केंद्र सरकार से मांग की गई कि भारत-अमेरिका मुक्त



व्यापार समझौते को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों की अनदेखी करती है तो देश बचाओ मोर्चा के नेतृत्व में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### दीपेंद्र सिंह हुड्डा को कश्यप समाज की अनदेखी पर सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा से कांग्रेस के युवा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को उनके दिल्ली स्थित आवास पर कश्यप समाज के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों तथा वर्ष 2026 में कांग्रेस संगठन की जिला एवं ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्तियों में कश्यप समाज की अनदेखी का मुद्दा उठाया। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष ओबीसी सेल सोनीपत सुशील कश्यप तथा पूर्व प्रदेश संयोजक एवं जिला प्रभारी ओबीसी सेल पानीपत प्रवीण कश्यप दयालपुर प्रमुख रूप से शामिल रहे। ज्ञापन में कहा गया कि कश्यप समाज हरियाणा में बड़ी संख्या में मतदाता रखता है और कांग्रेस को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रतिनिधियों ने मांग की कि आगामी प्रदेश कार्यकारिणी एवं संगठनात्मक नियुक्तियों में कश्यप समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए, ताकि समाज का विश्वास पार्टी के प्रति और मजबूत हो सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कालका से फरीदाबाद तक यमुना पट्टी के अनेक विधानसभा क्षेत्रों में कश्यप समाज का प्रभाव है। वहीं रादौर, लाडवा, शाहाबाद, थानेसर, पिहोवा, जगाधरी, कैथल और पूंडरी सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में समाज के हजारों मतदाता हैं।





### श्रीकृष्ण आयुष विवि के आयुर्वेदिक अस्पताल में शुरू हुई डिजिटल भुगतान सुविधा

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए डिजिटल भुगतान (डिजिटल पेमेंट) व्यवस्था शुरू कर दी गई है। एचडीएफसी बैंक की ओर से अस्पताल को डिजिटल पेमेंट मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनके माध्यम से अब मरीज यूपीआइ, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड से आसानी से भुगतान कर सकेंगे। नई व्यवस्था का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने स्वयं डिजिटल माध्यम से भुगतान कर किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि विश्वविद्यालय मरीजों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था शुरू होने से मरीजों और उनके परिजनों को खुले पैसे या नकदी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे अस्पताल की सेवाएं अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक और समयबद्ध बनेंगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी मरीजों की सुविधा के लिए तकनीक आधारित व्यवस्थाओं का विस्तार करता रहेगा। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान के अनुरूप विश्वविद्यालय लगातार अपनी सेवाओं को तकनीक से जोड़ रहा है।

कार्यक्रम

### केयू में कुलगुरु ने जारी किया हिंदी विभाग का 2026-27 का गतिविधि कैलेंडर

विभाग की शैक्षणिक कार्य संस्कृति को नई दिशा देने का करेगा काम

## हिंदी विभाग का गतिविधि कैलेंडर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का बनेगा आधार: सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तैयार गतिविधि कैलेंडर का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को विमोचन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. एम. एस. पूनिया के नेतृत्व में तैयार इस कैलेंडर में जनवरी से दिसंबर तक आयोजित होने वाली साहित्यिक, सांस्कृतिक, अकादमिक और शोध गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गतिविधि कैलेंडर विभाग की शैक्षणिक कार्य संस्कृति को नई दिशा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पूरे वर्ष योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा।



कुरुक्षेत्र। हिंदी विभाग का गतिविधि कैलेंडर जारी करते कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### सालभर की प्रमुख गतिविधियां

कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में भाषा, साहित्य, संस्कृति, शोध और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय भाषाओं और भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। हिंदी विभाग का यह गतिविधि कैलेंडर विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, शोध अभिरुचि, अभिव्यक्ति क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पूरे वर्ष की गतिविधियों का पूर्व निर्धारण होने से कार्यक्रम अधिक व्यवस्थित होंगे तथा विद्यार्थियों की भागीदारी भी बढ़ेगी। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि गतिविधि योजना 2026-27 को इस प्रकार तैयार किया गया है कि प्रत्येक माह किसी न किसी महत्वपूर्ण साहित्यकार, भाषा दिवस अथवा सांस्कृतिक विषय को केंद्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गतिविधि योजना के अनुसार 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस तथा 30 जनवरी को जयशंकर प्रसाद जयंती मनाई जाएगी। फरवरी माह में कृष्णा सोबती एवं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। मार्च में अज्ञेय तथा महादेवी वर्मा की जयंती पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

